प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

29 दिसंबर 2023

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – दिसंबर 2023

दिसंबर 2023 माह के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के संबंध में प्राप्त आंकड़े तालिका 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

उधार दर:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) नवंबर 2023 में 9.34 प्रतिशत (अक्तूबर 2023 में 9.50 प्रतिशत) थी।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बकाया रुपया ऋणों पर डब्लूएएलआर नवंबर 2023 में 9.80 प्रतिशत प्रतिशत (अक्तूबर 2023 में 9.84 प्रतिशत) थी।[1]
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की 1-वर्ष की माध्यिका नवंबर 2023 में 8.70 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर 2023 में 8.75 प्रतिशत हो गई।
- सितंबर 2023 के अंत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कुल बकाया अस्थिर दर वाले रुपया ऋण में बाह्य बेंचमार्क आधारित ऋण दर (ईबीएलआर) से संबंद्ध ऋण की हिस्सेदारी 53.3 प्रतिशत थी, जबकि एमसीएलआर से संबद्ध ऋण की हिस्सेदारी 41.9 प्रतिशत थी।[1]

जमा दर:

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नए रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अक्तूबर 2023 में 6.31 प्रतिशत से बढ़कर नवंबर 2023 में 6.34 प्रतिशत हो गई।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बकाया रुपया मीयादी जमा पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) नवंबर 2023 में 6.78 प्रतिशत (अक्तूबर 2023 में 6.75 प्रतिशत) थी।[1]

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1579

[1] एक बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।